अल्टिमेटम — मुख्य अभियंता ने मोबाइल नेटवर्क कंपनियों के जिम्मेदार के साथ केबल ऑपरेटर्स को दिया अल्टिमेटम

# विद्युत खंभों में फैली ऑप्टिकल वायरों के गुच्छों को तत्काल हटाएं



फाईल फोटो

## बुधवार से विद्युत विभाग के अभियान की होगी शुरुआत

**नवभारत, जबलपुर।** शहर के अलग-अलग स्थान के विद्युत पोलो में गुच्छों के रूप में फैली ज्वलनशील ऑप्टिकल वायरों को जल्द से जल्द हटाने के लिए विद्युत विभाग अलर्ट मोड पर आ गया है। अग्नि दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के मकसद से मुख्य अभियंता संजय अरोरा ने मंगलवार को मिशन कंपाउंड स्थित कार्यालय में जिओ, एयरटेल, बीएसएनएल के जिम्मेदार प्रतिनिधियों सहित शहर के करीब 25 केवल ऑपरेटर को बुलाया और सभी को कड़े शब्दों में अल्टीमेटम दिया कि विद्युत खंभों में जहां-जहां उनकी ऑप्टिकल वायर का बंडल मौजूद है उसे तत्काल हटा ले, अगर ऐसा जल्द नहीं किया गया तो विद्युत विभाग की टीम द्वारा ऐसे वायरों को उठाकर फेंक दिया जाएगा। विद्युत खंभों से ऑप्टिकल वायर के झुंडों को हटाने के अभियान की शुरुआत बुधवार सुबह 10:30 बजे से गुरंद्दी स्थित दुर्गा माता मंदिर वाले इलाके से शुरू होगी जिसमें शहर के अलग-अलग इलाकों के विद्युत खंभों में मौजूद तारों को हटाया जाएगा।

### कुछ दिन पहले कमानिया गेट के पास लगी थी आग

विदित हो कि कुछ दिनों पहले कमानिया गेट के पास विद्युत पोल में तारों के गुच्छों में आग भड़क बाद उठी थी, इसके बाद एहतियात के तौर पर विद्युत विभाग ने यह कदम उठाया है। जानकारी के अनुसार ग़लगला, कमानिया गेट, फुहारा, दमोहनाका, बलदेवबाग, गोरखपुर, ग्वारीघाट, रांझी सहित अन्य इलाकों के विद्युत खंभों में ऑप्टिकल वायरों का रिंग आसानी से देखा जा सकता है। गौरतलब है कि शहर में करीब एक लाख से अधिक विद्युत खंभे मौजूद हैं। अधिकांशत यह भी देखा गया है कि विद्युत पोल में केवल ऑपरेटर या मोबाइल नेटवर्क कंपनियों द्वारा अपना अपना एक बॉक्स लगा दिया जाता है जिससे 30 से 40 कनेक्शन जारी किए जाते हैं यह एक बहुत बड़ा कारण होता है कि विद्युत पोल में शॉर्ट सर्किट की वजह से अग्नि दुर्घटनाएं घटित हो जाती है। इसी वजह से विद्युत विभाग अलर्ट मोड पर है और अब इन तारों के गुच्छों को हटाने का काम प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।



## अब्दुल रज्जाक के मामले में बहस पूरी फैसला सुरक्षित

**जबलपुर।** कई आपराधिक प्रकरणों में आरोपी अब्दुल रज्जाक के प्रकरण में हाईकोर्ट में सुनवाई पूरी हो गई है। जस्टिस विवेक अग्रवाल एवं जस्टिस आरसीएस बिसेन की युगलपीठ ने सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। दरअसल, वर्ष 2025 में अब्दुल रज्जाक की ओर से याचिका दायर कर कहा गया कि उसके खिलाफ दर्ज कई मामलों में अभी तक अंतिम रिपोर्ट दाखिल नहीं की गई है। जैसे ही एक मामले में जमानत मिलती है, उसी समय दूसरे प्रकरण में गिरफ्तारी दिखा दी जाती है। यह न्यायिक प्रक्रिया के साथ छलावा है। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मोहम्मद अली और शारिक अकील ने पैरवी की।

# गाड़ी विशेष, किराया ज्यादा, लेकिन पहुंचने का समय निश्चित नहीं

## मेल, एक्सप्रेस ट्रेने भी चल रही लेट




**जबलपुर, नवभारत।** भीषण गर्मी में जब पारा रोज नये रिकार्ड दर रिकार्ड बना रहा है, ऐसे में रेलवे द्वारा भीड़भाड़ कम करने के लिए शुरू की गई स्पेशल ट्रेन सुविधाजनक कम, घंटों की लेटलतीफी से दुखदायी बन गई है। बात अगर जबलपुर की करें तो यहां पर आधा दर्जन से ज्यादा स्पेशल ट्रेनें मंगलवार 28 अप्रैल को 11 घंटे तक विलंब से चलने की सूचना प्राप्त हुई थी। वही जिन यात्रियों ने इन स्पेशल ट्रेन में यात्रा करने का निर्णय लिया है, वे बहुत ही परेशान हो रहे थे। हर छोटे स्टेशनों पर इन गाडियों को खड़ाकर दूसरी मेल-एक्सप्रेस गाडियों का निकाला जा रहा है। कई बार तो स्पेशल ट्रेन ऐसे छोटे स्टेशनों पर रोकी जा रही हैं, जहां पर प्लेटफार्म पर शेड व पीने के पानी तक का प्रबंध नहीं है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को 01666 अगरतला-रानी कमलापति 11.00 घंटा, 03252 एसएमवीबी-दानापुर 8.00 घंटा, 02131 पुणे-जबलपुर 6.15 घंटा, 09032 जयनगर-उधना 4.45 घंटा, 01449 पुणे-दानापुर 5.00 घंटा, 01144 दानापुर-एलटीटी 3.30 घंटा, 06509 एसबीसी-दानापुर हमसफर 2.00 घंटा, 11274 प्रयागराज छिवकी-इटारसी पैसेंजर 4.40 घंटा और 11272 भोपाल-इटारसी विंध्याचल 5.30 घंटा देरी से चल रही थी।

### संघमित्रा एक्सप्रेस तीन घंटे लेट

सिर्फ स्पेशल गाड़ी ही नहीं बल्कि सुपरफ़ास्ट एक्सप्रेस गाड़ियाँ भी घंटों देरी से चल रही है। जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 12295 संघमित्रा सुपरफास्ट एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से लगभग 3 घंटे बीस मिनट की देरी से चल रही थी। इस ट्रेन की आज जबलपुर पहुँचने की संभावना शाम सात बजे तक बताई जा रही थी। वही विशेष ट्रेनों से यात्रा करने वाले यात्री रेल प्रशासन से एक ही सवाल पूछ रहे हैं, हम भी नियमित ट्रेनों के मुसाफिरों की तरह बराबर व कई ट्रेनों मे तो ज्यादा ही किराया दे रहे हैं, पर हमारे साथ भेदभाव क्यों, हमारी ट्रेन गंतव्य स्टेशन पर कब पहुंचेगी। लेकिन इसकी जानकारी किसी के पास उपलब्ध नहीं है।

# अब तो रोज फंसने लगे वाहन, मंगलवार को ईटों से भरा ट्रक धंसा



**जबलपुर, नवभारत।** रेलवे के पुल नंबर 1 से कांचघर रोड पर कोचिंग डिपो के ठीक सामने मंगलवार की शाम को एक ईंट से भरा ट्रक सड़क में धंस गया लगभग ढाई घंटे की मेहनत के बाद बमुश्किल ट्रक को अलग किया जा सका। इसके पहले दोपहर में भी एक सवारी से भरा आटो पलट गया। बताया जाता है कि मंगलवार शाम को 5 बजे के लगभग ट्रक क्रमांक एमपी-20-जीए-6133 जो कुशनेर से ईंट भरकर ग्वारीघाट जा रहा था ट्रक कोचिंग डिपो के सामने पहुंचा तो अचानक उसका पहिया अचानक गड्ढे में पूरा धंस गया। जिसके निकालने का प्रयास सफल नहीं हुआ तो ट्रक से ईंट खालीकर ट्रक को हटाया जा रहा था। मालूम हो कि पाइप लाइन बिछाने के बाद उसके ऊपर मिट्टी डालकर दिन भर लगातार हैवी रोलर उसके ऊपर चलाया जा रहा है, लेकिन जमीन के अंदर की मिट्टी काफी गीली होने से भारी वाहनों के कारण गड्ढा बन रहा है और वाहन फंस रहे हैं। लोगों का कहना है कि यहां पर हार्ड मुरुम डालकर रोलिंग की जाये तो हालात बेहतर होंगे, अन्यथा कभी भी कोई बड़ा हादसा इस मार्ग पर हो सकता है।

### धंस जाती है मिट्टी

दरअसल अमृत-2 प्रोजेक्ट के तहत नर्मदा जल परियोजना के लिए पाइप लाइन बिछाने के लिए ये सड़कें खोदी गईं है पाइप लाइन बिछाने के बाद सही ढंग से रिस्टोरेशन का काम नहीं किया जा रहा है यही कारण है कि डामर की सड़क पूरी तरह उखड़ चुकी है और चिकनी मिट्टी से उसे पूरा जा रहा है जिसके चलते सड़क लगातार धंस रही है और ये हादसों का कारण बना हुआ है।

स्लॉट बुकिंग में दिक्कत, सर्वर फेल, केंद्र कम, फसल औने-पौने दाम पर बेचने को मजबूर

# गेहूं उपार्जन केन्द्रों में सिस्टम की खामियों से जूझ रहे किसान

**नवभारत, जबलपुर।** समर्थन मूल्य पर गेहूँ खरीद के सरकारी वादों के बीच किसानों को इस साल भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिले के करीब 51 हजार किसानों ने पंजीयन कराया, लेकिन व्यवस्थाओं की कमी और तकनीकी खामियों ने उनकी मुश्किलें बढ़ा दी हैं। भारत कृषक समाज महाकौशल प्रांत के अध्यक्ष इंजी. के के अग्रवाल के अनुसार, प्रशासन द्वारा फसल का भौतिक सत्यापन कराने के बावजूद कई किसानों की जमीन पोर्टल पर असत्यापित दिख रही है। सेटलाइट डेटा की गड़बड़ी के कारण राजस्व अधिकारियों और किसानों के बीच विवाद की स्थिति बन रही है।



### खरीद केंद्र कम व्यवस्थाएं अधूरी

पिछले वर्ष जहां 100 से अधिक खरीद केंद्र थे, वहीं इस बार केवल 60 केंद्र बनाए गए हैं। कई केंद्र अभी तक शुरू नहीं हो सके हैं। जिसमें भी तोल कांटे, भंडारण और मजदूरों की कमी से हालात और खराब हैं। कई केंद्रों के बाहर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की लंबी कतारें लगी हैं। केंद्रों पर किसान दिन में तेज धूप और रात में मच्छरों के बीच ट्रॉलियों में ही समय गुजार रहे हैं। उन्हें डर है कि कहीं इंतजार करते-करते उनका स्लॉट ही न निकल जाए।

### स्लॉट बुकिंग बना सिरदर्द

किसान रात-रात भर जाग कर स्लॉट बुकिंग की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन सर्वर की धीमी गति और तकनीकी समस्याओं के चलते उन्हें सफलता नहीं मिल रही। अंतिम तिथि 9 मई नजदीक होने से उनकी चिंता और बढ़ गई है। भारत कृषक समाज ने मुख्यमंत्री, केंद्रीय कृषि मंत्री और भोपाल के वरिष्ठ अधिकारियों को पत्र भेजकर किसानों की स्थिति से अवगत कराया है और जल्द समाधान की मांग की है।

### भ्रष्टाचार के आरोप भी गंभीर

किसानों का आरोप है कि बिना प्रति क्विंटल 50 से 100 रुपए दिए न तो माल पास होता है और न ही पर्ची मिलती है। इससे उनकी परेशानी और बढ़ रही है। किसानों का कहना है कि अधिकारी फोन नहीं उठाते और जनप्रतिनिधि भी चुप्पी साधे हुए हैं। समस्याओं के समाधान के बजाय केवल औपचारिक बैठकों और आश्वासनों का सहारा लिया जा रहा है।

## एक नजर में




### मुख्यमंत्री कार्यक्रम के बाद हुए भोपाल रवाना

**नवभारत, जबलपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज सुबह 8 बजे एयरपोर्ट से हेलीकॉप्टर द्वारा बालाघाट जिले के सुपखार के लिए रवाना हुए। सुपखार एवं टोपला में आयोजित कार्यक्रमों में सहभागिता के पश्चात वे प्रातः 11:11 बजे पुनः जबलपुर एयरपोर्ट पहुंचे। यहां अल्प विश्राम के बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव 11:41 बजे हेलीकॉप्टर से भोपाल के लिए प्रस्थान किए। एयरपोर्ट पर डीआईजी अतुल सिंह, कलेक्टर राघवेंद्र सिंह व पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### मदद पड़ी महंगी : बीच सड़क पर रो रही युवती को घर जाने दी एक्टिवा, हो गई फरार

**जबलपुर।** गोरखपुर थाना अंतर्गत रामपुर में एक युवक ने बीच सड़क पर रो रही जिस युवती की मदद कर उसे अपनी एक्टिवा घर जाने सौंपी थी, वह युवती गाड़ी लेकर रफूचक्कर हो गई। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अमानत में खयानत का मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक सेठी नगर निवासी ओम प्रकाश बेन (32) 2 मार्च की शाम करीब 5:45 बजे एमपीईबी तरंग, रामपुर घूमने गया था। वहां उसने देखा कि एक एक्टिवा पर आई तीन लड़कियों के बीच जबरदस्त झगड़ा हो रहा है। विवाद इतना बढ़ा कि दो लड़कियों ने अपनी ही एक सहेली के साथ मारपीट की और उसके कपड़े फाड़कर उसे वहीं बीच सड़क पर अकेला छोड़ कर अपनी गाड़ी से भाग निकलीं। रोती हुई लड़की को देखकर ओम प्रकाश ने जब मदद की पेशकश की, तो उसने अपना नाम सुहानी केवट बताया। सुहानी ने कहा कि वह आधारताल की रहने वाली है और उसकी सहेलियों ने उसे धोखा दिया है उसे बीच रास्ते में छोड़कर चली गई है उसे घर जाना है। युवती को परेशान देख ओम प्रकाश ने मानवता के नाते अपनी मेहरून रंग की एक्टिवा क्रमांक एमपी 20 एस एस 4792 उसे घर जाने के लिए दे दी। सुहानी को अगले दिन 3 मार्च को रामपुर चौक आकर गाड़ी वापस करनी थी और ओम प्रकाश को कॉल करना था। लेकिन तय समय बीत जाने के बाद भी न तो युवती गाड़ी लेकर आई और न ही उसका कोई पता चला। पीड़ित ने जब संपर्क करने की कोशिश की तो युवती की नीयत साफ समझ आ गई। अंततः थक-हार कर पीड़ित ने अब थाने पहुंचकर युवती के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने सुहानी केवट के खिलाफ अमानत में खयानत के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस अब दिए गए मोबाइल नंबर और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर युवती की लोकेशन ट्रेस करने की कोशिश कर रही है।

### शिव महापुराण कथा का हुआ समापन



**जबलपुर, नवभारत।** जय भीम नगर सोसाइटी परिसर मे मंगलवार को शिव महा पुराण कथा का समापन पंडित रामजी तिवारी के मधुर वाणी के साथ समापन हुआ। कथा के पश्चात् हवन और विशाल भंडारा का आयोजन किया गया कार्यक्रम मे मनीष मित्तल, राजकुमार तिवारी, गोविन्द ठाकुर, मयंक रावते, अम्बिका विश्वकर्मा, नरेश चंदेल, विनायक राव वानखेड़े एवं समस्त सोसाइटी सदस्य कार्यक्रम मे सम्मिलित होकर पुण्य लाभ अर्जित लिया।

# भूमि की फर्जी रजिस्ट्री के जरिए कराया नामांतरण

## तहसीलदार, पटवारी समेत सहयोगियों पर आरोप

**जबलपुर।** पनागर स्थित एक भूमि विवादों में घिर गई है। दरअसल भूमि की फर्जी रजिस्ट्री तैयार कर नामांतरण कराने का आरोप लगाते हुए पीड़िता ने तहसीलदार, पटवारी समेत सहयोगियों पर एफआईआर दर्ज करने पुलिस अधीक्षक से शिकायत की है।

पीड़िता रेखा पटैल 48 वर्ष निवासी ग्राम नुनसर तहसील पाटन ने बताया कि बम्हनौदा पनागर स्थित उसकी पैतृक भूमि उसके नाम से राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। जिसमें वे काबिज है। भूमि के बटवारा के लिए उसने तहसील पनागर में आवेदन दिया गया था जिसे तहसीलदार एवं पटवारी द्वारा मिलकर निरस्त करवा दिये थे। 23 अप्रैल 2026 को उसे जानकारी मिली कि उक्त भूमि की राजिस्ट्री फर्जी तरीके से सागर पटैल एवं संजीव श्रीवास्तव के नाम करा दी गई है एवं तहसीलदार पनागर द्वारा नामांतरण भी कर दिया गया है। जबकि उक्त भूमि किसी को उसने विक्रय नहीं किया है और न कोई अनुबंध किया है, न कोई धनराशि प्राप्त की है, न ही उप-पंजीयक कार्यालय में उपस्थित होकर हस्ताक्षर किए हैं। बिना सहमति के फर्जी दस्तावेज तैयार किए गए हैं। सोची-समझी आपराधिक साजिश के तहत फर्जीवाड़ा किया गया है। मामले में पीड़िता ने तहसीलदार एवं पटवारी को तत्काल निलंबित कर विभागीय जांच के साथ सभी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।



# न्याय के लिए भटक रहा फरियादी

## कूटरचित किरायानामा बनवाने रकम हड़पने का आरोप

**जबलपुर।** भेड़ाघाट स्थित ढाबा पर कब्जे के मामले ने अब तूल पकड़ लिया है। षडयंत्र रच कूटरचित किरायानामा बनवाने, धोखाधड़ी, जबरन घुसकर लूटपाट का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने मंगलवार को पुन : पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई और एफआईआर की मांग की।

पीड़ित विपिन तन्तवाय पिता रामचरन तन्तवाय निवासी धन्वंतरी नगर ने बताया कि उन्होंने 1 जनवरी 2026 से आशीष शुक्ला निवासी ग्राम छीतापार से फौजी ढाबा 11 माह की मियाद पर तीस हजार रूपए मासिक किराये पर लिया था। नियमित चार माह से किराया चुका रहे थे, लेकिन उक्त अनुबंध अवधि में ही आशीष शुक्ला ने एग्रीमेंट तोड़कर शराब दुकान का दूसरे से एग्रीमेंट कर लिया। आशीष शुक्ला ने गलत जानकारी देकर उससे कूटरचित किरायानामा बनवाया व एडवांस, मासिक किराया हड़प लिया। 21 अप्रैल को पीड़ित ने एसपी से शिकायत की थी। मंगलवार को पुनः पीड़ित जय महाकाल संघ अंतरराष्ट्रीय बजरंग दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष कन्हैया तिवारी के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा और बताया कि आशीष शुक्ला व शराब ठेकेदार आशीष शिवहरे ने षड्यंत्र कर अपने कर्मचारियों से उसके ढाबे में जबरन घुसकर तोड़फोड़, लूटपाट व चोरी की है। जिससे 3 से 4 लाख रुपए का नुकसान हुआ। पीड़ित ने शिकायत पत्र सौंपकर आशीष शुक्ला एवं शराब ठेकेदार आशीष शिवहरे पर कार्रवाई की मांग की है।

# जिले में 36,948 मीट्रिक टन उर्वरक उपलब्ध



## 1 मई से किसानों को मिलेगी शत-प्रतिशत खाद

**नवभारत, जबलपुर।** जिले के किसानों के लिए राहत भरी खबर है कि आगामी खरीफ सीजन के लिए जिले में खाद का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। कार्यालय उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास ने बताया कि वर्तमान में जिले के पास कुल 36,948 मीट्रिक टन उर्वरक का भंडार मौजूद है, जिसमें यूरिया, डीएपी, एनपीके, एसएसपी और एमओपी जैसी सभी प्रमुख खादें शामिल हैं।

चूंकि अभी फसलों की बोनी का मुख्य सीजन शुरू नहीं हुआ है, इसलिए वर्तमान में ई-विकास प्रणाली के माध्यम से किसानों को उनकी पात्रता का 50 प्रतिशत डीएपी और यूरिया उपलब्ध कराया जा रहा है। शासन की योजना के अनुसार, आगामी 1 मई से खरीफ की बोनी के लिए किसानों को ई-विकास प्रणाली के जरिए डीएपी, एसएसपी, एमओपी और एनपीके के सभी ग्रेड 100 प्रतिशत मात्रा में मिलने लगेंगे।

### बोनी के समय दिया जाएगा 50 प्रतिशत यूरिया

यूरिया के वितरण को लेकर विभाग ने विशेष व्यवस्था की है। बोनी के समय किसानों को कुल जरूरत का 50 प्रतिशत यूरिया दिया जाएगा, क्योंकि फसल की शुरुआती अवस्था में इतनी ही आवश्यकता होती है। इसके बाद, फसलों में 'टॉप ड्रेसिंग' यानी ऊपरी छिड़काव के लिए शेष 50 प्रतिशत यूरिया का वितरण 15 जून से शुरू किया जाएगा।



# चौकी में पिस्टल दिखा धमकाया, चेन लूटी

▶ भांजे के खिलाफ मामा ने की शिकायत

**जबलपुर।** भूकम्प कॉलोनी, गढ़ा में रहने वाले युवक के साथ उसके भांजे ने मारपीट की बल्कि उसकी सोने की चेन लूट ली। मामला बघराजी चौकी पहुंची तो वहां भी उसने गुंडई दिखाई। आरोप है कि पुलिस की मौजूदी में उसने पिस्टल दिखाते हुए धमकाया। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई। पीड़ित सुरेश रजक पिता ख्यालचंद रजक निवासी भूकम्प कॉलोनी, गढ़ा, ने बताया कि उसके पिता ने भूमि उसके नाम की है। जिसको लेकर भांजा दुर्गेश रजक उससे रंजिश रखता है। बीती रात्रि लगभग 11 बजे ग्राम रझगवां बघराजी में एक शादी समारोह के दौरान दुर्गेश रजक ने उसके साथ मारपीट की। उसके गले से सोने की चेन छीन ली। इसी दौरान बघराजी चौकी में पुलिस-प्रशासन के सामने उसने पिस्टल दिखाकर उसे जान से मारने की धमकी दी। इसके अतिरिक्त दुर्गेश कई बार उसके घर पर आकर पत्थरबाजी कर चुका है और मारपीट विवाद कर चुका है जिसके वीडियो उसके पास उपलब्ध है।

जनसुनवाई — मुख्यालय की जनसुनवाई में 43 और संभागों में प्राप्त हुए 36 आवेदन

# नगर निगम की जनसुनवाई पर बढ़ा नागरिकों का विश्वास

## सामने आए प्रकरणों का किया गया त्वरित निराकरण

**नवभारत, जबलपुर।** शहर के विकास और नागरिकों की सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए मंगलवार को नगर निगम मुख्यालय और सभी 16 संभागों में साप्ताहिक जनसुनवाई का आयोजन किया गया। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार अपर आयुक्त देवेंद्र सिंह चौहान ने मुख्यालय में आए 43 आवेदकों से सीधा संवाद किया और आवेदनों पर त्वरित करवाई की, जिससे मौके पर ही आवेदनों का निराकरण हुआ और नागरिकों को राहत मिली।



नगर निगम की जनसुनवाई में राहत पाने के बाद आवेदकों में संतुष्टि का भाव और प्रशासन के प्रति बढ़ता विश्वास दिखाई दिया। इस मौके पर सफाई, अवैध निर्माण, भवन अनुज्ञा, राजस्व, जल आदि से संबंधित प्रकरण आए जिसपर सुनवाई के दौरान ही अधिकारियों को निर्देशित कर आवेदनों पर अपर आयुक्त श्री चौहान ने कार्यवाही करवाई। इसी तरह सभी 16 संभागों में संभागीय अधिकारियों ने मुस्तैदी दिखाते हुए 36 प्रकरणों पर तत्काल कार्यवाही की। अपर आयुक्त श्री चौहान ने बताया कि आज मुख्यालय में 47 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 11 अतिक्रमण विभाग, 9 भवन शाखा, 5 स्थापना, 8 स्वास्थ विभाग, 3 राजस्व, 1 जल, 1 पेंशन, 1 योजना, 1 आर टी आई, 1 जन्म मृत्यु, 1 संभाग क्रमांक 04 एवं 1 संभाग क्रमांक 7 से संबंधित है समस्त शिकायतों को संबंधित विभाग में प्रेषित किया गया व कुछ शिकायतों का राजस्व एवं स्वास्थ विभाग द्वारा त्वरित निराकरण किया गया। इसी प्रकार संभाग क्रमांक 1 से 16 तक में कुल 36 आवेदन प्राप्त हुए जिनका त्वरित निराकरण कराया गया। जनसुनवाई में अपर आयुक्त देवेंद्र सिंह चौहान, जनसुनवाई प्रभारी सहायक आयुक्त वेद प्रकाश, रचयिता अवस्थी, गुलाब इमवाती, सुनील दुबे, देवेंद्र पटेल सतीश मिश्रा, असद व समस्त विभागीय प्रमुख व प्रतिनिधि उपस्थित रहे।